वार्शिक प्रतिवेदन सत्र 2014—15

राष्ट्रीय सेवा योजना

भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय से संबंध राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई समय के साथ जिसका पर्याय भी बदलता जा रहा है। जो कभी श्रम दान के लिये जाना जाता था। आज अभिमुखीकरण कार्यक्रमों के साथ स्वयंसेवको को जोड़कर समय के साथ कदमताल मिलाकर उत्तोरत्तर विकास की ओर अग्रसर है। सत्र 2014—15 का एन.एस.एस. थीम रहा स्वच्छता के लिये युवा इसी उद्देश्य को पूर्ण करने के नियमित गतिविधि व सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम संपादित किये गये। इस वर्ष एन.एस.एस. इकाई में 115 स्वयंसेवको का पंजीयन किया गया। जिसमें 50 छात्र व 65 छात्राएं पंजीकृत हुये। लगभग सभी संकाय के विद्यार्थियों का प्रतिनिधित्व रहा। कार्यक्रम का प्रारंभ पंजीयन कार्य व सलाहकार समिति के निर्माण के साथ हुआ। इस वर्ष ग्राम पर्थरा को गोदग्राम के रूप में चयनित किया गया। नियमित गतिविधियों के अंतर्गत प्रारंभिक कक्षाओं में स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य, सिद्धांत व इतिहास से अवगत कराया गया व भूतपूर्व स्वयंसेवको के द्वारा अपने अनुभव साझा किया गया। इसके साथ महाविद्यालय परिसर की साफ सफाई व वृक्षारोपण के साथ हि विभिन्न दिवसों पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें शिक्षक दिवस, हिन्दी दिवस, एन.एस.एस. स्थापना दिवस, गांधी जयंती, एड्स दिवस, मानवाधिकार दिवस, युवा दिवस इसके साथ हि कैरियर गाइडेंस से संबंधित व्याख्यान, प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कैसे करे, सहज योग द्वारा ध्यान, मतदाता जागरूकता, जिला विविध साक्षरता, सड़क सुरक्षा सप्ताह आदि पर आयोजित अतिथि व्याख्यान से स्वयंसेवक लाभान्वित हुये। इसके अलावा वृक्षारोपण, हाथ धुलाई प्रशिक्षण, रक्त परीक्षण शिविर, सिकल सेल परीक्षण शिविर, पालीथीन प्रतिबंधन रैली जैसे स्वास्थ्य पर्यावरण से संबंधित कार्यक्रम भी इस मंच द्वारा संपादित किये गये।

राजिम नगर में स्वच्छता में महाविद्यालय के स्टॉप

स्वच्छता अभियान में राजिम विधानसभा के विधायक के साथ संस्था की प्रचार्य

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष एन.एस.एस. का सात दिवसीय विशेष शिविर 21 नवम्बर से 27 नवम्बर तक ग्राम कौन्दकेरा में लगाया गया। जिसमें 40 छात्राएं व 25 छात्र शिविरार्थी के रूप में सम्मिलित हुये। कार्यक्रम का उदघाटन संस्था प्रमुख डॉ. प्रीति तिवारी व ग्राम सरपंच श्री तुलश राम साहू के करकमलों से हुआ। शिविर में निर्धारित कार्यो के अंतर्गत गांव के गली, चौक चौराहें की साफ सफाई, नलकूप, तालाब, हैंडपंप की साफ सफाई, सोख्ता गड्डे का निर्माण, स्कूल प्रांगण व खेल मैदान की साफ सफाई व विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण आदि कार्य किये गये। जनसंपर्क कार्य के अंतर्गत ग्रामीणों की समस्याओं को जानने का प्रयास किया गया। जिसमें अधिकांश ग्रामीणों ने बिजली गुल होने व गांवों में साफ सफाई न होने व महाविद्यालय खोलने संबंधी बातो पर जोर दिया। नियमित दिनचर्या की शुरूआत योगाभ्यास के साथ किया गया। जिसमें योगगुरू श्री लालजी साहू व आयुर्वेदाचार्य श्री युगल किशोर साहू ने औषधीय पौधों की जानकारी दी व निःशुल्क पुस्तक का वितरण किया। बौद्धिक चर्चा सत्र के दौरान भगवताचार्य श्री डॉ. रमाकांत शर्मा, आशीष शिन्दे, न्यायधीश उमेश कुमार उपाध्याय, व्यवहार न्यायालय राजिम, श्री मुन्ना लाल देवदास (राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक), डॉ.व्ही.एन. हिरौदिया, डॉ. स्नेहलता हुमने (स्त्रीरोग विशेषज्ञ), डॉ. पी.वी. हरिहरणों पूर्व प्राचार्य, श्री शिवदयाल शर्मा, श्री आशीष चंद्र शर्मा (नेहरू युवा केन्द्र रायपुर), डॉ. ओ.पी.दुबे (प्राचार्य, शास. कचना ध्रुवा महाविद्यालय, छुरा), डॉ.टी.एस.सोनवानी (जिला संगठक एन.एस.एस.), डॉ. आर.के.

तलवरे, कार्यक्रम अधिकारी गरियाबंद महाविद्यालय आदि के व्याख्यान के माध्यम से ग्रामवासियों व शिविरार्थियों के ज्ञान में वृद्धि की। इसके अलावा रात्रीकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत मतदाता जागरूकता, पर्यावरण सुरक्षा, नशा उन्मुलन, बेटी बचाओं, दहेज प्रथा, अंधविश्वास से जुड़े विषयों पर नाटक मंचन कर ग्रामवासियों में अलख जगाने का प्रयास किया। शिविर के अंतर्गत ही रेडक्रास के सहयोग से स्कूली विद्यार्थियों व शिविरार्थियों के लिए सिकलिन परीक्षण शिविर का भी आयोजन किया गया जिससे लगभग 100 विद्यार्थियों का टेस्ट किया गया। जिसमें 02 टेस्ट पाजिटिव पाए गए। इसके अलावा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की मदद से हाथ धोने का प्रशिक्षण भी दिया गया। शिविर का समापन माननीय श्री संतोष उपाध्याय राजिम विधानसभा क्षेत्र, श्री सोमप्रकाश साहू महामंत्री, भाजपा मंडल अन्य गणमान्य ग्रामवायियों की उपस्थिति में हुआ। उपस्थिति अतिथियों ने शिविरार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की और कहा कि इसी प्रकार के रचनात्मक कार्यो के द्वारा अपने व्यक्तित्व का विकास कर समाज व राष्ट्र का विकास करें।

डॉ. समरेन्द सिंह (राज्य सपंर्क अधिकारी) द्वारा व्याख्यान

इस वर्ष का राज्य स्तरीय शिविर डंगनिया जिला बालोद में आयोजित किया गया। जिसमें महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व नेमीचंद साहू बी.एस.सी. भाग दो। राजिम कुंभ 2015 में महाविद्यालय की छात्राओं ने मंच में समूह नृत्य की प्रस्तुति दी। इस हेतु उन्हे 5001 रू. की प्रोत्साहन राशि आयोजन समिति द्वारा प्रदान की गई। एन.एस.एस. के मंच द्वारा क्रियान्वित कार्यक्रमों में संस्था प्रमुख डॉ. प्रीति तिवारी का मार्गदर्शन प्राप्त होता रहा। कार्यक्रम के सफल

संचालन में महाविद्यालय परिवार का सहयोग व सुझाव प्राप्त होता रहा। स्वयंसेवकों के अथक प्रयासों ने एन.एस.एस. को नई दिशा व दशा प्रदान की।

प्रोफेसर गोवर्धन यदु द्वारा रोजगार मार्गद र्न